Multipurpose Barrage Project on the River Ganga

2275. SHRI MANOHAR KANT DHYANI: Will the Minister of URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that a multipurpose barrage has to be constructed on the river Ganga in Metrocity Kanpur;

(b) whether it is also a fact that approval to the project was granted by Government on 20th January, 1994;

(c) whether it is true that the Centre was to bear 50% of its cost; and

(d) if so, what steps are being taken by the Central Government to provide its share regularly; if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF URBAN AFFAIRS AND EMPLOYMENT (SHRI RAM JETHMALANI): (a) The Government of Uttar Pradesh has taken up construction of a multipurpose Barrage at Kanpur on the river Ganga.

(b) No, Sir. However, the Planning Commission had indicated its approval in principle.

(c) and (d) No final decision to bear 50% of the cost was taken. However, in principle, the Planning Commission had indicated the possibility of sanctioning the funds subject to the condition that the Government of Uttar Pradesh makes a provision in their budget equal to the amount to be sanctioned by the Planning Commission from 1994-95 onwards.

At present the proposal is being processed for approval by Government.

गन्दी बस्तियों की संख्या में वृद्धि

2276. **श्रीमती शबाना आज़मी:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि गत कुछ वर्षों से ग्रामों से लोगों के पलायन के कारण शहरों में, विशेषकर औद्योगिक नगरों में गन्दी बस्तियों की संख्या निरंतर बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने देश में इन गन्दी बस्तियों में रहने वाले लोगों की प्रतिशतता का अनुमान लगाया है; और

(ग) यदि हां, तो इन लोगों की अनुमानित संख्या क्या है और यदि ऐसी कोई जानकारी प्राप्त नहीं की गयी है तो इसके क्या कारण है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्री (श्री राम जेठमलानी): (क) भारत सरकार ने शहरी क्षेत्रों में स्लमों और स्लम निवासियों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई व्यापक सर्वेक्षण नहीं किया है। तथापि राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण संगठन (एन एस एस ओ) द्वारा जनवरी—जून, 1993 के 49वें दौर में किये गये प्रतिदर्श सर्वेक्षण को बताया गया कि (घोषित-अघोषित) 56,311 स्लम थे। इनमें ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों में प्रवर्तन हुआ है।

(ख) और (ग) नगर एवं ग्राम वियोजन संगठन (टीसीपीओ) के अनुमान के अनुसार 1991 के दौरान स्लम आबादी 462.688 लाख थी।

देश के प्रत्येक परिवार को आवास उपलब्ध कराना

2277. **श्रीमती शबाना आज़मी:**
श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने देश के प्रत्येक परिवार को आवास उपलब्ध कराने का लक्ष्य निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने आवासों की अतिरिक्त आवश्यकता का कोई अनुमान लगाया है; और

(ग) यदि हां, तो यह संख्या कितनी है तथा इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु सरकार की समयबद्ध योजना क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्री (श्री राम जेठमलानी): (क) जी, हां। शासन हेतु एजेंडा में प्राथमिकता क्षेत्र के रूप में सभी के लिए अवास का प्रावधान है।

(ख) नौवीं योजना कार्य दल ने 9वीं योजना के प्रारम्भ में 7.57 मिलियन शहरी आवासों की कमी का अनुमान लगाया है। इसके अलावा नई मांग को पूरा